HINDUSTAN PAGE 6

संस्कृति सुरभि में आज पुरस्कार बटेंगे

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के संस्कृति सुरभि महोत्सव की चौथी शाम खेल और कला के नाम रही। गायन प्रतियोगिता में 25 से अधिक छात्रों ने अपने दमदार फरफार्मेन्स से फाइनल में जगह पक्की की। वही स्टोरी टेलिंग में भी छात्रों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। जज रहे डा. कुलवंत सिंह ने बच्चों के प्रयास की काफी सराहना की।

हिंदी स्टोरी टेलिंग, इंग्लिश स्टोरी टेलिंग, वेटलिफ्टिंग, बालीवुड क्विज़, हिंदी कविता फाइनल सहित 8 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। जिसमें छात्र और छात्राओं ने अपनी-अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार शनिवार को विजयी प्रतिभागियों को ट्राफी एव मेडल वितरित किये जायेंगे। विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

महमूदाबाद छात्रावास में छात्रों के साथ संवाद

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय चीफ प्रॉक्टर प्रो राकेश द्विवेदी एवं कुलानुशासक मंडल के सदस्यों ने महमूदाबाद छात्रावास के अंत:वासियों से मुलाकात की एवं उनके साथ बैठकर दोपहर का भोजन किया। इस दौरान कुलानुशासक ने अंत:वासियों से छात्रावास की मूलभूत सुविधाओं, लाइब्रेरी की सुविधा, भोजन की गुणवत्ता सहित कई विषयों पर चर्चा की। सभी छात्र उपर्युक्त व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए।

कैंटीन-शौचालय में सफाई के निर्देश

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो पूनम टंडन तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण टीम के अन्य सदस्यों ने कैम्पस मे साफ-सफाई की व्यवस्था के लिए विभागों तथा कैन्टीन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। प्रो पूनम टंडन ने बताया कि छात्रों के बहुआयामी विकास एवं बेहतर सुविधा मुहैया कराने के लिए अनेक कदम उठाए हैं जिनमे ई रिक्शा, नई कैन्टीन का संचालन आदि शामिल है।

i-NEXT PAGE 4

कैंटीन में बार-बार न हो एक ही तेल का यूज

अधिष्ठाता छात्र कल्याण व उनकी टीम ने कैंटीनों का औचक निरीक्षण कर दिए निर्देश

LUCKNOW (16 Dec): लखनऊ विश्वविद्यालय में शुक्रवार को छात्र सुविधाओं की जांच के लिए अधिष्ठाता छात्र कल्याण के नेतृत्व में कई टीमों ने सभी कैंटीनों का औचक निरीक्षण किया. इस दौरान साफ-सफाई की कमी तो कहीं छात्र-छात्राओं के लिए फिल्टर वाटर एवं हाथ धोने के लिए वाशबेसिन सहित कई कमियां मिलीं. टीम ने उन्हें साफ सफाई रखने से लेकर पीने का साफ पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए.

वाटर फिल्टर नहीं था

मुख्य परिसर में सुबह 11 बजे से अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर पूनम टंडन एवं उनकी टीम कैंटीनों का निरीक्षण करने पहुंचीं. उन्होंने बताया कि साइंस कैंटीन में फिल्टर वाटर नहीं लगा था. गेट नंबर चार के पास बनी कैंटीन में हाथ धोने के लिए सिंक नहीं था. जिससे सभी को परेशानी हो रही थी.

चार बार कराई जाए सफाई

कई कैंटीन में सिर्फ एक से दो बार ही सफाई होना बताया गया. इसलिए निर्देश दिए गए कि फिल्टर वाटर की सुविधा के साथ किचन और छात्र-छात्राओं के बैठने की जगह पर रोजाना तीन से चार बार सफाई कराई जाए. निरीक्षण के दौरान कैंटीन संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कुकिंग तेल को गर्म करने के बाद बार-बार उसका प्रयोग न किया जाए. हाथ धोने के लिए साफ सुथरे सिंक का इंतजाम भी रहे.

छात्रों से लिया गया फीडबैक

कमेस्ट्री कैंटीन, साइंस कैंटीन, कामर्स कैंटीन, छात्रसंघ कैंटीन सहित सभी छह कैंटीनों में छात्र-छात्राओं से सुविधाओं का फीडबैक लेने के साथ सुझाव भी लिए गए. निरीक्षण के दौरान अपर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर अमृतांशु शुक्ल, डा. अलका मिश्रा तथा डा. विवेक कुमार सिंह शामिल रहे.

स्टूडेंट्स ने अपनी प्रतिभा से किया प्रभावित

संस्कृति सुरभि महोत्सव में प्रतियोगिताओं का सिलसिला जारी रहा

LUCKNOW (16 Dec): लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में चल रहे संस्कृति सुरभि महोत्सव में शुक्रवार को भी प्रतियोगिताओं का सिलसिला जारी रहा. ज्यूरिस हाल बिल्डिंग में सोलो सिंगिंग फाइनल के प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुति से समां बांध दिया. मेरी चाहतें तो समां में बहेंगी, जिंदा रहेगी-होके फना गाने पर एक स्टूडेंट ने प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया. गायन प्रतियोगिता में 25 से अधिक स्टूडेंट्स ने अपनी प्रस्तुति से फाइनल में जगह बनाई.

स्टोरी टेलिंग कंटीशन

स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता में स्टूडेंट्स ने बढ़चढ़ कर भाग लिया. इस प्रतियोगिता के रहे प्रो. कुलवंत सिंह ने स्टूडेंट्स के प्रयासों की तारीफ की. हिंदी पोएट्री कंप्टीशन का फाइनल भी शुरू हो गया. इसमें तान्या त्रिपाठी, कनिका, सैय्यद शाह तविश, शगुन सहित आठ प्रतिभागियों ने जगह बनाई.

एलयू की छात्रा को मिली फेलोशिप

LUCKNOW : लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग की शोध छात्रा प्रीति को भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (आइसीएसएसआर) की फेलोशिप मिली है. प्रीति विभाग की प्रोफेसर डा. अमिता बाजपेई के निर्देशन में शोध कार्य कर रही हैं.

SWATANTRA BHARAT PAGE 2

कुलानुशासक ने लिया छात्रावास की मूलभूत सुविधाओं का जायजा

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। राजधानी स्थित एलयू में शुक्रवार को एलयू कुलानुशासक, प्रो. राकेश द्विवेदी एवं कुलानुशासक मंडल के सदस्यों ने महमूदाबाद छात्रावास के अंत:वासियों से मुलाकात करके उनके साथ दोपहर का भोजन किया।

इस दौरान कुलानुशासक ने अंत:वासियों से छात्रावास की मूलभूत सुविधाओं, लाइब्रेरी की सुविधा, भोजन की गुणवत्ता सहित कई विषयों पर चर्चा की। छात्रावास के सभी छात्र उपर्युक्त व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए। महमूदाबाद छात्रावास में स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र अंत:वासी हैं। सभी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय, कुलपति के निर्देशन में प्राप्त नैक ग्रेड ए++ मूल्यांकन के अनुकूल व्यवस्था संपन्न है एवं छात्रों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। किसी भी प्रकार की शिकायत पर उसका त्वरित निस्तारण किया जाता है।

उन्होंने कुलानुशासक को धन्यवाद देते हुए कहा कि वर्तमान में परिसर का माहौल पठन-पाठन के सर्वथा अनुकूल है। अंत:वासियों ने प्रो. द्विवेदी से वर्तमान शांतिपूर्ण स्थिति को बनाए रखने में अपना पूर्ण सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर कुलानुशासन मंडल के सदस्य डॉक्टर ओ. पी. शुक्ला, डॉ. महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ. राजेश्वर प्रसाद यादव, डॉ. क़मर इकबाल, डॉ. राहुल पाण्डेय एवं डॉ. रणविजय सिंह उपस्थित रहे।

PIONEER PAGE 3

चौथे दिन भी छात्रों के परफार्मेंस पर जारी रहा जीत-हार का सिलसिला

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के नवीन परिसर में चौथे दिन भी छात्रों के परफार्मेंस के आधार पर जीत-हार का सिलसिला जारी रहा। शुक्रवार को द्वितीय परिसर में स्थित ज्यूरिस हाल बिल्डिंग में सोलो सिंगिंग फाइनल के प्रतिभागियों ने सुबह ही समा बांध दिया। मेरी चाहतें तो समां में बहेंगी, जिंदा रहेंगी .होके फना। इस गाने पर एक प्रतियोगी छात्र के परफार्मेन्स ने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया।

निर्णायक मंडल के सदस्य रहे डा ललित श्रीवास्तव एव डॉ रोहित मिश्रा ने भी अपने मधुर आवाज में गाकर बच्चो को आशीर्वाद दिया। गायन प्रतियोगिता में 25 से अधिक छात्रों ने अपने दमदार परफार्मेन्स से फाइनल में जगह पक्की की थी। देर शाम तक परिणाम घोषित किये जायेंगे।वही स्टोरी टेलिंग कम्प्टीशन में छात्रों ने बढ़- चढ भाग लिया एवं कुछ अश्कों में बहती, कुछ पलकों पर ठहरती, जाने कितनी ही मनोहर कहानियों को बच्चो ने सुनाया। स्टोरी टेलिंग कम्प्टीशन के जज रहे डा कुलवंत सिंह ने बच्चो के प्रयास की काफी सराहना की। आज देर शाम हिंदी पोयट्री कम्प्टीशन का फाइनल भी प्रारंभ हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय के पोयट्री कम्प्टीशन के को.कॉर्डिनेटर एव प्रथम राउंड कम्प्टीशन में निर्णायक मंडली के सदस्य रहे शिवम मिश्रा ने बताया कि पिछले दिन पहले राउंड में 46 प्रतिभागियों के बीच तान्या त्रिपाठी, कनिका, सैय्यद शाह तविश, सगुन सहित 8 प्रतियोगियो ने फाइनल में जगह बनाई थी। आज के फाइनल के परिणाम देर शाम तक घोषित किये जायेंगे।

31 दिसम्बर तक सम्बद्धता के लिए आवेदन करें कालेजः एलयू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय ने शुक्रवार को कालेजों की सम्बद्धता के लिए तिथि तय कर दी है। जिसके अनुसार कॉलेज कोर्स की सम्बद्धता की एनओसी हासिल करने के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन कर सकते हैं। यह आवेदन ऑनलाइन करना होगा। विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ संजय मेधावी के अनुसार सम्बद्धता के लिए एनओसी ऑनलाइन जारी की जाएगी।

कुल सचिव डॉ संजय मेधावी के मुताबिक नए महाविद्यालय या पूर्व संचालित महाविद्यालयों में नए कोर्स चलाने के लिए एनओसी या सहयुक्तता के लिए आवेदन शासन के अनापत्ति/सम्बद्धता के पोर्टल पर करना होगा। डॉ मेधावी के अनुसार लखनऊ विश्वविद्यालय से सहयुक्त लखनऊ, हरदोई, रायबरेली, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी के महाविद्यालयों में बीएड को छोड़कर पूर्व से संचालित ऐसे कोर्स जिनकी सम्बद्धता 30 जून को खत्म हो रही है। आगामी शैक्षिक सत्र 2023.24 से स्थायी सम्बद्धता के लिए विश्वविद्यालय को आवेदन करना होगा। आवेदन नहीं करने की स्थिति में सत्र 2023.24 से ऐसे कोर्स में महाविद्यालय प्रवेश नहीं ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि स्थलीय निरीक्षण मंडल नामित किए जाने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय के खाते में ऑनलाइन 35400 रुपए ऑनलाइन जमा करना होगा।

चीफ प्राक्टर ने छात्रावास की मूलभूत सुविधाओं को देखा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय के चीफ प्राक्टर प्रो राकेश द्विवेदी एवं कुलानुशासक मंडल के सदस्यों ने शुक्रवार को महमूदाबाद छात्रावास के अंत:वासियों से मुलाकात की एवं उनके साथ बैठकर दोपहर का भोजन किया। इस दौरान कुलानुशासक ने अंत:वासियों से छात्रावास की मूलभूत सुविधाओं, लाइब्रेरी की सुविधा, भोजन की गुणवत्ता सहित कई विषयों पर चर्चा की। सभी छात्र उपर्युक्त व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए।

इससे पूर्व चीफ प्राक्टर ने साइंस कैंटीन में छात्रों के साथ चाय पीकर फीड बैक लिया था। महमूदाबाद छात्रावास में स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्र अंत:वासी हैं। फीडबैक के दौरान सभी ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए यह कहा कि विश्वविद्यालय माननीय कुलपति के निर्देशन में प्राप्त नैक ग्रेड मूल्यांकन के अनुकूल व्यवस्था संपन्न है एवं छात्रों को प्रत्येक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। किसी प्रकार की शिकायत पर उसका त्वरित निस्तारण किया जाता है। उन्होंने कुलानुशासक को धन्यवाद देते हुए कहा कि वर्तमान में परिसर का माहौल पठन.पाठन के सर्वथा अनुकूल है। अंत:वासियों ने प्रोफेसर द्विवेदी से वर्तमान शांतिपूर्ण स्थिति को बनाए रखने में अपना पूर्ण सहयोग देने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर कुलानुशासन मंडल के सदस्य डॉक्टर ओपी शुक्ला, डॉ महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ राजेश्वर प्रसाद यादव, डॉ क़मर इकबाल, डॉ राहुल पाण्डेय, डॉ रणविजय सिंह उपस्थित थे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

विवि परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण टीम के सदस्यों द्वारा कैम्पस में साफ-सफाई की व्यवस्था के लिए विभागों व कैंटीन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए।

प्रो. टंडन ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्रों के बहुआयामी विकास व बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने के लिए अनेक कदम उठाए हैं जिनमें ई रिक्शा, नई कैंटीन का संचालन, छात्रावासों का मरम्मत कार्य इत्यादि शामिल हैं ।

इसी दिशा मे परिसर को साफ सुथरा बनाए रखने के लिए अधिष्ठाता छात्र कल्याण की टीम द्वारा सभी विभागों, कैंटीन, छात्रावास व पुस्तकालय सहित सभी जगहों पर सफाई का मुआयना किया जा रहा है । शुक्रवार को हुए निरीक्षण में सभी कैंटीन में खाने की गुणवत्ता, पीने के पानी की व्यवस्था, टॉयलेट्स, वेस्ट डिस्पोजल का निरीक्षण कर नियमित साफ सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए।

सभी कैंटीन संचालकों को आरओ वाटर की सुविधा नियमित रखने तथा कुकिंग एरिया साफ रखने के लिए आवश्यक इंतजाम करने के लिए कहा गया। इस दौरान मुख्य परिसर की केमेस्ट्री कैंटीन, साइंस कैंटीन, कामर्स कैंटीन, छात्रसंघ कैंटीन सहित सभी छह कैंटीनों मे छात्र छात्राओं से सुविधाओं का फीडबैक लेने के साथ सुझाव भी लिए गए। निरीक्षण के दौरान अपर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अमृता शुक्ल, डॉ. अलका मिश्रा व डॉ. विवेक कुमार सिंह शामिल रहे ।

एलयू की साफ-सफाई व्यवस्था का औचक निरीक्षण

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। राजधानी स्थित एलयू में एलयू की अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. पूनम टंडन तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण टीम के अन्य सदस्यों द्वारा कैम्पस में साफ-सफाई की व्यवस्था के लिए विभागों तथा कैन्टीन का औचक निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। प्रो. टंडन ने बताया कि कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने एलयू के छात्रों के बहुआयामी विकास एवं बेहतर सुविधायें मुहैया कराने के लिए अनेक कदम उठाए हैं, जिनमें ई-रिक्शा, नई कैन्टीन का संचालन, छात्रावासों की मरम्मत इत्यादि कार्य शामिल हैं। इसी दिशा में परिसर को साफ-सुथरा बनाए रखने के लिए छात्र कल्याण की टीम द्वारा सभी विभागों, कैन्टीन, छात्रावास तथा पुस्तकालय सहित सभी जगहों पर साफ-सफाई का मुआयना किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को हुए निरीक्षण में सभी कैन्टीन में खाने की गुणवत्ता, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय एवं कचरा निस्तारण का निरीक्षण कर नियमित साफ-सफाई बनाए रखने के निर्देश दिए। सभी कैन्टीन संचालकों को आरओ वाटर की सुविधा नियमित रखने तथा कुकिंग एरिया साफ रखने के लिए आवश्यक इंतजाम करने के लिए कहा गया। इस दौरान मुख्य परिसर की केमेस्ट्री, साइंस, कामर्स एवं छात्रसंघ कैंटीन सहित सभी छह कैंटीनों में छात्र-छात्राओं से सुविधाओं का फीडबैक लेने के साथ सुझाव भी लिए गए। सभी कैन्टीन संचालकों को सख्त निर्देश दिए गए कि कुकिंग तेल को गर्म करने के बाद बार-बार प्रयोग न किया जाए, छात्र-छात्राओं को फिल्टर पानी की सुविधा के साथ ही किचन तथा बैठने की जगह की सफाई सुबह-शाम के स्थान पर दिन में 3 से 4 बार कराई जाएं और हाथ धोने के लिए साफ-सुथरे सिंक का इंतजाम रहे। इस निरीक्षण के दौरान अपर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. अमृतॉशु शुक्ल, डॉ. अलका मिश्रा तथा डॉ. विवेक कुमार सिंह शामिल रहे।

RASHTRIAYA SAHARA PAGES 5

सिंगिंग प्रतियोगिता में छात्रों ने बांधा समां

लखनऊ (एसएनबी)। जानकीपूरम स्थिति लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में स्थित ज्यूरिस हाल विल्डिंग में सोलो सिंगिंग फाइनल के प्रतिभागियों ने सुवह ही समा वांध दिया। खेल और संस्कृति कमेटी के निदेशक प्रोफेसर सतीश पांडे ने वताया कि दिनभर आयोजन चले, जिसमें सैकड़ों वच्चों ने प्रतिभाग किया वहीं दूसरी तरफगायन प्रतियोगिता में 25 से अधिक छात्रों ने अपने दमदार फरफार्मेन्स से फाइनल में जगह पक्की की थी। लविवि के पोयट्री कम्प्टीशन के कोकॉर्डिनेटर एव प्रथम राउंड कम्प्टीशन में निर्णायक मंडली के सदस्य रहे शिवम मिश्रा ने वताया पिछले दिन पहले राउंड में 46 प्रतिभागियों के वीच तान्या त्रिपाठी, कनिका, सैय्यद शाह तविश, सगुन, सहित 8 प्रतियोगियो ने फाइनल में जगह वनाई थी। शुक्रवार को संस्कृति सुरभि महोत्सव का चौथा दिन एव अंतिम दिन था। आज के दिन हिंदी स्टोरी टेलिंग, इंग्लिश स्टोरी टेलिंग, वेटलिफ्टिंग, वालीवुड क्विज़, हिंदी कविता फाइनल सहित 8 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय, वावू वनारसी दास यूनिवर्सिटी, आई टी कालेज, सिटी ला कालेज, नेशनल पीजी कालेज के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।

महमूदाबाद छात्रावास के अंत:वासियों से मिले प्रॉक्टर

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय परिसर में छात्रों से घुलने मिलने के क्रम में शुक्रवार को प्रॉक्टर प्रोफ़ेसर राकेश द्विवेदी एवं कुलानुशासक मंडल के सदस्यों ने महमूदावाद छात्रावास के अंत:वासियों सैं मुलाकात की एवं उनके साथ वैठकर दोपहर का भोजन किया। इस दौरान कुलानुशासक ने अंत:वासियों से छात्रावास की मूलभूत सुविधाओं,

लाइब्रेरी की सुविधा, भोजन की गुणवत्ता सहित कई विषयों पर चर्चा की। सभी छात्र उपर्युक्त व्यवस्थाओं से संतुष्ट नजर आए। इस अवसर पर कुलानुशासन मंडल के सदस्य डॉक्टर ओपी शुक्ला, डॉ महेंद्र अग्निहोत्री, डॉ. राजेश्वर, क़मर, डॉ राहुल पाण्डेय, डॉ रणविजय सिंह उपस्थित थे।

AMRIT VICHAR PAGE 4

प्रतियोगिताओं में छात्रों ने दिखाया जज्बा

संस्कृति सुरभि महोत्सव के चौथे दिन खेलकूद-सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित

अमृत विचार संवाददाता

लखनऊ। लविवि के जानकीपुरम स्थिति लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के चौथे दिन फाइनल का दौर चला। फाइनल में विवि के साथ महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने जीत के जज्बे के साथ मैदान में उतरे, और जीत हासिल की।

लविवि के न्यू कैंपस जानकीपुरम में शनिवार को विजई प्रतिभागियों को ट्रॉफी एंव पदक वितरित किये जायेंगे, जिसमें लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सहित राजधानी के कई विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों के डीन, प्रोफेसर्स जिले के प्रमुख पदाधिकारी एव अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहेंगे।

कबड्डी फाइनल में दिखाया दम

कबड्डी फाइनल में लविवि की टीम को डीएवी लॉ कालेज ने पठकनी देते हुए जीत हासिल की। कबड्डी के फाइनल में डीएवी लॉ कालेज की टीम प्रथम स्थान पर और लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं टेबल टेनिस में एसआरएमयू के गगन सिंह यादव प्रथम स्थान पर और बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी के अभिनव पांडे द्वितीय स्थान पर रहे। इसी क्रम में खो खो में नवयुग कॉलेज की गर्ल्स प्रथम स्थान पर रहीं वहीं बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस की गर्ल्स द्वितीय स्थान पर रहीं।

ज्यूरिस हाल बिल्डिंग में सोलो सिंगिंग फाइनल : मेरी चाहतें तो समां में बहेंगी, जिंदा रहेंगी -होके फना इस गाने पर परफार्मेन्स ने उपस्थित छात्रों व शिक्षकों का दिल जीत लिया। निर्णायक मंडल के सदस्य रहे डॉ. ललित श्रीवास्तव व डॉ. रोहित मिश्रा ने भी अपने मधुर आवाज में गाकर बच्चों को आशीर्वाद दिया।

लविवि में चल रही खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते खिलाड़ी। अमृत विचार

आठ प्रतियोगियों ने फाइनल में बनाई जगह

लखनऊ विश्वविद्यालय के पोयट्री कम्पटीशन के को-कॉर्डिनेटर एंव प्रथम राउंड कम्पटीशन में निर्णायक मंडली के सदस्य रहे शिवम मिश्रा ने बताया पिछले दिन पहले राउंड में 46 प्रतिभागियों के बीच तान्या त्रिपाठी, कनिका, सैय्यद शाह तविश, सगुन, सहित 8 प्रतियोगियों ने फाइनल में जगह बनाई थी। आज के फाइनल के परिणाम देर शाम तक घोषित कर दिए गए।

बच्चों के प्रयास की हुई सराहना

न्यू कैंपस लविवि में स्टोरी टेलिंग कम्पटीशन भी हुआ। इसमें छात्रों ने बढ़- चढ़कर भाग लिया। कुछ अश्कों में बहती, कुछ पलकों पर ठहरती, जाने कितनी ही मनोहर कहानियों को छात्रों ने सुनाया। स्टोरी टेलिंग कम्पटीशन के जज रहे डॉ. कुलवंत सिंह ने बच्चों के प्रयास की काफी सराहना की।

संस्कृति सुरभि प्रतियोगिताओं में चलता रहा जीत-हार का सिलसिला

स्वतंत्र भारत संवाददाता, लखनऊ। जानकीपुरम स्थित लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर में स्थित ज्यूरिस हाल बिल्डिंग में शुक्रवार को सोलो सिंगिंग फाइनल

= संस्कृति सुरभि महोत्सव का चौथा दिन

= आज विजयी प्रतिभागियों को वितरित किये जायेंगे ट्राफी एवं मेडल्स

के प्रतिभागियों ने सुबह ही संमा बांध दिया। मेरी चाहतें तो समां में बहेंगी, जिंदा रहेंगी-होके फना, इस गाने पर एक प्रतियोगी छात्र की गायिका ने उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। निर्णायक मंडल के सदस्य रहे डॉ. ललित श्रीवास्तव एवं डॉ. रोहित मिश्रा ने भी अपनी मधुर आवाज में गाकर बच्चों को आशीर्वाद दिया। वही गायन प्रतियोगिता में 25 से अधिक छात्रों ने अपने दमदार गायिकी से फाइनल में जगह पक्की की थी।

वही स्टोरी टेलिंग कम्प्टीशन में छात्रों ने हिस्सा लेते हुए जाने कितनी ही मनोहर कहानियों को बच्चों ने सुनाया। इस प्रतियोगिता के जज रहे डॉ. कुलवंत सिंह ने बच्चों के प्रयास की काफी सराहना की। देर शाम हिंदी पोयट्री कम्प्टीशन का फाइनल भी प्रारंभ हुआ। एलयू के पोयट्री कम्प्टीशन के को-कॉर्डिनेटर एवं प्रथम राउंड कम्प्टीशन में निर्णायक मंडली के सदस्य रहे शिवम मिश्रा ने बताया कि पिछले दिन पहले राउंड में 46 प्रतिभागियों के बीच तान्या त्रिपाठी, कनिका, सैय्यद शाह तविश, सगुन, सहित 8 प्रतियोगियों ने फाइनल में जगह बनाई थी।

संस्कृति सुरभि महोत्सव के चौथे दिन हिंदी- इंग्लिश स्टोरी टेलिंग, वेट लिफ्टिंग, बालीवुड क्विज़, हिंदी कविता सहित 8 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। लखनऊ विश्वविद्यालय, बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी, आईटी कालेज, सिटी लॉ कालेज और नेशनल पीजी कालेज के विद्यार्थियों ने जमकर प्रतिभाग किया। शुक्रवार के विभिन्न कार्यक्रमों के विजेताओं में डमसराज में फैंटास्टिक फोर प्रथम स्थान पर तथा मल्टीथ्रेड द्वितीय स्थान पर कबड्डी में फाइनल में डीएवी ला कालेज की टीम प्रथम स्थान पर तथा लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम द्वितीय स्थान पर टेबल टेनिस में एसआरएमयू के गगन सिंह यादव प्रथम स्थान पर तथा बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी के अभिनव पांडे द्वितीय स्थान पर खो-खो में नवयुग कॉलेज की गर्ल्स प्रथम स्थान पर तथा बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस की गर्ल्स द्वितीय स्थान पर विजेता हुए। आज विजयी प्रतिभागियों को ट्राफी एवं मेडल्स वितरित किये जायेंगे, जिसमें एलयू के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय सहित राजधानी के कई विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के डीन, प्रोफेसरों, जिले के प्रमुख पदाधिकारी एवं अन्य गणमान्य अतिथि मौजूद रहेंगे।

TOI PAGE 2

New appointments boost LU's teacher-student ratio

45% Of Posts Lying Vacant Filled Now

Mohita.Tewari
@timesgroup.com

Lucknow: The student-teacher ratio at the Lucknow University has improved after almost a decade with the appointment of teachers to posts lying vacant for past many years.

The ratio improved from 1:38 to 1:30 (almost at par with UGC ideal ratio) after the Lucknow University appointed 81 permanent and 74 contractual teachers for self-finance courses.

At least 199 permanent teaching posts and 155 contractual teaching positions for self-finance courses were lying vacant for several years of which 45% have been filled.

According to LU officials, the recruitment percentage would have been better but either suitable candidates were not available or no application was received for posts in a number of departments. For example, LU couldn't find an SC/ST candidate for a post in a particular department and had to re-advertise the post.

At least 184 permanent teachers have been promoted.

"The recruitment process is on and we are expected to fill more posts. We have conducted written test for 50 more posts and its result has been put up on the website. The Governor's house has sent us the list of experts for the selection committee and interviews will be conducted shortly," said LU vice-chancellor Alok Kumar Rai.

"Our students will not have to suffer due to shortage of teachers. The number of teachers has increased and the new appointees hold excellent academic record. Teachers of international repute have joined in physics, chemistry and biochemistry departments," he added.

"At least 30 teachers appointed in various faculties, especially science, have brought projects worth Rs 20 crore from the department of science and technology (DST), Science and Engineering Research Board (SERB), and others. A few teachers have even left their jobs in South Korea, US and other European countries to join us. Some of them are from central universities and national law school," the VC said, adding that none of the appointments were disputed or challenged. LU officials said even if the present VC's term ends, the recruitment process would continue.

A senior teacher at LU said it was during the term of former VC professor RP Singh when appointments were made in bulk in 2006-07. "Teachers kept on retiring and vacant posts went up to 200," he said.

FOCUS ON QUALITY EDUCATION

POSTS	VACANT	FILLED
Permanent teachers	199	81
Contractual teachers	155	74

- Student-teacher ratio has improved from **1:38 to 1:30**
- The ideal student-teacher ratio as per the University Grants Commission (UGC) is **1:30** (undergraduate) and **1:20 (post-graduate).** The ratio varies according to the course
- Teachers previously teaching in South Korea, the US and other foreign countries have joined LU
- Teachers from central universities and law schools have also **joined LU**
- **30 new teachers** have brought science projects worth **₹20 cr**

AMAR UJALA MY CITY PAGE 6

स्थायी संबद्धता में की देरी तो प्रवेश ठप

लविवि ने जारी की समय सारिणी, नए पाठ्यक्रमों के लिए 31 दिसंबर तक आवेदन

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने वर्तमान सत्र की प्रवेश प्रक्रिया पूरी होने के साथ ही नए सत्र 2023-24 की संबद्धता व नए पाठ्यक्रमों के लिए अनापत्ति देने की कवायद शुरू कर दी है। इसके तहत समय सारिणी जारी करते हुए विवि प्रशासन ने कहा है कि नए सत्र के लिए यदि कॉलेजों ने स्थायी संबद्धता की प्रक्रिया 30 जून तक पूरी नहीं की तो उनके यहां प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।

विवि प्रशासन के निर्देश के अनुसार नए पाठ्यक्रमों के लिए अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन 31 दिसंबर तक जमा करना होगा। विवि ऑनलाइन जमा किए गए भूमि अभिलेखों का सत्यापन 31 जनवरी तक करेगा। 15 फरवरी तक इसके लिए अनापत्ति जारी कर 28 फरवरी तक निरीक्षण मंडल का गठन करेगा। निरीक्षण मंडल 15 अप्रैल तक अपनी रिपोर्ट देगा और 18 अप्रैल तक इसे ऑनलाइन अपलोड कर दिया जाएगा। विवि 28 अप्रैल तक ऑनलाइन संबद्धता प्रदान करेगा।

रजिस्ट्रार संजय मेधावी ने कहा है कि विवि से संबद्ध पांचों जिलों लखनऊ, हरदोई, सीतापुर, रायबरेली, लखीमपुर खीरी के कॉलेजों में पहले से चल रहे कई कोर्सों की संबद्धता/ सहयुक्तता 30 जून को समाप्त हो रही है। कॉलेज नए सत्र में इनकी स्थायी संबद्धता के लिए ऑनलाइन आवेदन व अन्य औपचारिकता निर्धारित समय में पूरी कर लें। ऐसा न करने पर इन पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि स्थलीय निरीक्षण के लिए शुल्क 35,400 रुपये है। इसे ऑनलाइन जमा करना होगा।

कालीचरण, शिया पीजी के नए कोर्स के आवेदन

लविवि से संबद्ध कई कॉलेजों ने नए कोर्सों की संबद्धता के लिए आवेदन किया है। कालीचरण पीजी कॉलेज ने जहां लॉ के लिए, शिया पीजी कॉलेज ने एमएससी, बीजेएमसी, बीसीए व कई कोर्सों में पीजी शुरू करने, नेता जी सुभाष चंद्र बोस पीजी कॉलेज ने एमकॉम के लिए आवेदन किया है। आवेदन के बाद अन्य औपचारिकताएं पूरी कर इन कोर्सों को नए सत्र से शुरू करने की तैयारी है।

लविवि में छात्र सुविधाओं का ऑडिट शुरू